# अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.)

क्रमांक/विकास/2025/ 109                                                    रीवा, दिनांक : 17-2-2025

प्रति,

प्राचार्य
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय
अ.प्र.सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.)

**विषयः समस्त शासकीय विश्वविद्यालयों में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला एवं विश्वविद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित किये जाने विषयक।**

संदर्भ– (क) आयुक्त, उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश शासन, भोपाल के पत्र कमांक/2097/605/आ.उ.शि./शा–5 'अ'/2025 भोपाल दिनांक 09.01.2025.
(ख) कुलसचिव को लिखा पत्र कमांक/2099/605/आ.उ.शि./शा–5'अ'/2025 भोपाल दिनांक 09.01.2025.

महोदय,

जनजातीय नायकों पर केन्द्रित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला दिनांक 18 फरवरी 2025 को आयोजित की जानी थी। जिसकी तिथि परिवर्तित कर 25.02.2025 को की जानी है। जिसमें विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों से एक संयोजक तथा एक सहसंयोजक को शामिल किया जाना है। उन्हें एक दिवसीय कार्यशाला में महाविद्यालय स्तर पर आयोजित की जाने वाली व्याख्यान माला कार्यकम तथा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया जायेगा।

आपसे अनुरोध है कि अपने महाविद्यालय से एक संयोजक तथा सहसंयोजक को दिनांक **25.02.2025 को प्रातः 10.30 बजे** तक विश्वविद्यालय के **पं. शंभूनाथ शुक्ल सभागार** में उपस्थित होने तथा कार्यकमोपरान्त महाविद्यालय में निर्देशित गतिविधियों संचालित कर प्रतियोगिता के प्रथम विजेता को विश्वविद्यालय में सम्पन्न होने वाली प्रतियोगिता जिसकी तिथि संयोजकों से रायकर उसी दिन 25.02.2025 को घोषित की जायेगी। उन सभी प्रथम विजेताओं की प्रतियोगिता विश्वविद्यालय से घोषित तिथि को होगी।

आदेशानुसार

कुलसचिव

प्रतिलिपि सूचनार्थ :–

1. विभागाध्यक्ष, डिपार्टमेंट आफ कम्प्यूटर एप्लीकेशन, अ.प्र.सिंह विश्वविद्यालय, रीवा की ओर वेबसाइट में प्रदर्शन हेतु प्रेषित।
2. कुलगुरू जी के सचिव/कुलसचिव के निज सहायक।

सहायक कुलसचिव (विकास)